प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-225**

15/05/2017

राज्य वेतन आयोग ने मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंपी

पटना, 15 मई 2017 :– पूर्व मुख्य सचिव श्री जी0एस0 कंग की अध्यक्षता में गठित राज्य वेतन आयोग ने आज अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में सौंप दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव वित्त श्री रवि मित्तल, प्रधान सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव वित्त (व्यय) श्री राहुल सिंह, सचिव ग्रामीण कार्य श्री विनय कुमार, सचिव शिक्षा श्री जीतेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित थे।

******